
**Nai Dunia (Indore), 27th August 2011, Page-4**



महू क्षेत्र में आईआईटी का अस्थायी संचालन भवन।

# आईआईटी की कक्षाएँ ऑटो क्लस्टर भवन में

**इंदौर।** आईआईटी इंदौर के दूसरे और तीसरे वर्ष की कक्षाएँ महू स्थानांतरित कर दी गई हैं। महू क्षेत्र के एबी रोड स्थित ऑटो क्लस्टर के लिए बने ट्रेनिंग सेंटर के भवन में कक्षाएँ लगाई जा रही हैं। गुरुवार से कक्षाओं को यहाँ शुरू कर दिया गया। फर्स्ट ईयर की कक्षाएँ अभी भी खंडवा रोड स्थित विवि के आईईटी से लिए गए किराए के परिसर में लग रही हैं।

■ सेकंड व थर्ड ईयर महू के परिसर में स्थानांतरित

बीते दिनों से आईआईटी प्रशासन लगातार जगह की कमी की बात कहते हुए विवि से और ज्यादा जगह की माँग कर रहा था। इस बीच आईआईटी को महू तहसील के सिमरोल में ही स्थायी कैंपस के लिए जमीन भी आवंटित है। इस जमीन पर 4 वर्षों में भी निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका है। इसी बीच संस्थान ने अपने लिए एक और अस्थायी परिसर की व्यवस्था की है। –नप्र